# कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

मेयर इन काउंसिल की बैठक दिनांक 30-06-2015

प्रस्ताव क. (14,917)

विषय :– वार्ड क. 15 छ.रा.वि.म.क.–01 के जोन कार्यालय दर्री से पृथक कर टी.पी.नगर जोन में शामिल करने बाबत्।

श्री मनक राम साहू, पार्षद वार्ड क. 15 का आवेदन दिनांक 23.04.2015 प्राप्त हुआ है, जिसमें उनके द्वारा वार्ड क. 15 छ.रा. वि.म.क.–01 के टी.पी.नगर जोन कार्यालय क्षेत्र के समीप लगभग 1.5 किलोमीटर दूरी पर स्थित है, जबकि वर्तमान में यह वार्ड जोन कार्यालय दर्री में सम्मिलित है, जिसकी दूरी लगभग 9 कि.मी. है। वार्ड के लोगों को विभिन्न कार्यों के लिये 9 कि.मी. दूरी तय कर बस एवं अपने अन्य किसी साधन के माध्यम से आना–जाना पड़ता है। जोन में कार्यरत कर्मचारियों एवं अधिकारियों के न होने के कारण अनावश्यक बार–बार आना–जाना पड़ता है, जिससे वार्ड के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है का उल्लेख किया गया है, साथ ही उनके वार्ड क. 15 की जोन कार्यालय को उनके दर्री जोन से पृथक कर टी.पी. नगर जोन में शामिल करने हेतु मांग किया गया है।

अतः प्रकरण स्वीकृति हेतु मेयर इन काउंसिल के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय दिनांक 30-06-2015

प्रस्तुत प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से पारित किया गया।

Renu Agrawal

**महापौर**

नगर पालिक निगम,

कोरबा (छत्तीसगढ़)

**निगम सचिव**

नगर पालिक निगम,

कोरबा (छत्तीसगढ़)